# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13-6-26 | 04 | 1-4 |


# कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर को मिला जोन-2 जोधपुर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

## कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रसार व नई तकनीक हस्तांतरण के लिए दिया जाता है यह पुरस्कार

जागरण संवाददाता • हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फार एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत 'कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान' जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है।



कुलपति प्रो . बलदेव राज काम्बोज के साथ हकृवि के विज्ञानी • पीआरओ

यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के विज्ञानियों से कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

विस्तार शिक्षा निदेशक डा. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, आन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डा. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, विज्ञानियों, कर्मचारियों व जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, डा. पंकज यादव, डा. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुगनराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13-6-26 | 05 | 2-5 |

# हकृवि के केवीके सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

हिसार 12 जून(ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी नई दिल्ली द्वारा 'नास धानुका अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें।



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ वैज्ञानिक।*

## किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं :डॉ. कौशिक

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय ब?ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि प्रसार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को दिल्ली प्रेस मैगजीन द्वारा वर्ष 2026 के लिए बेस्ट कृषि विज्ञान केन्द्र के राज्य स्तरीय फार्म एंड फूड कृषि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

## इस उपलब्धि में सभी का योगदानः डॉ. नरेन्द्र कुमार

कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में किसानों की सेवा और कृषि प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने बताया कि जोन-2 का मुख्यालय जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है। इसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र आते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुगनराम उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 13-6-26 | 12 | 5-6 |

# सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

## सम्मान किसानों के प्रति विवि की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत जोन-2 (जोधपुर) का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि पर केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक व प्राकृतिक खेती तथा डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि केन्द्र ने किसान प्रशिक्षण, ऑन-फार्म परीक्षण और नवाचारों के प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय सामूहिक प्रयासों को दिया। जोन-2 में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-6-26 | 05 | 1-3 |

## हकृवि के केवीके सदलपुर को मिला ज़ोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

हिसार, 12 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर (हिसार) को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत 'कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान' ज़ोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि प्रसार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को दिल्ली प्रेस मैगजीन द्वारा वर्ष 2026 के लिए 'बेस्ट कृषि विज्ञान केन्द्र' के राज्य स्तरीय फार्म एंड फूड कृषि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में किसानों की सेवा और कृषि प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि जोन-2 का मुख्यालय जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है। इसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र आते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुगनराम उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ वैज्ञानिक।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13-6-26 | 04 | 7-8 |

## सदलपुर कृषि विज्ञान केंद्र को राष्ट्रीय पुरस्कार



एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज के साथ वैज्ञानिक। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली की ओर से नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन में जोन-2 (जोधपुर) का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार मिला। यह कृषि तकनीकों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकें पहुंचाने और ग्रामीण आजीविका संवर्धन में योगदान के लिए है। एचएयू कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने वैज्ञानिकों को बधाई दी। वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेंद्र कुमार ने इसे विश्वविद्यालय, कर्मचारियों और किसानों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13-6-26 | 02 | 03 |

## केवीके सदलपुर को पुरस्कार मिला

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर (हिसार) को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली की ओर से ''नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026'' के तहत जोन-2, जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार मिला है। यह सम्मान कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नई तकनीकों के हस्तांतरण, ग्रामीण आजीविका संवर्धन में योगदान के लिए दिया गया। कुलपति बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का संकेत है। कृषि विज्ञान केंद्र अनुसंधान व खेत के बीच मजबूत सेतु हैं।

विस्तार शिक्षा निदेशक नरेश कौशिक के अनुसार केंद्र ने फ्रंटलाइन प्रदर्शन, किसान प्रशिक्षण, ऑन-फार्म परीक्षण, डिजिटल कृषि तकनीकों के जरिए आय बढ़ाने पर काम किया।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 12.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के केवीके सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

## कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ वैज्ञानिक।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत 'कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान' जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें। किसानों, ग्रामीण युवाओं एवं महिला कृषकों को उद्यमिता आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयासों को और मजबूत करें। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि प्रसार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 12.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के केवीके को मिला जोन 2 का राष्ट्रीय स्तर का नास धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर हिसार को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत 'कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान' जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्यो गिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, फसल विवि धीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें। किसानों, ग्रामीण युवाओं एवं महिला कृषकों को उद्यमिता आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयासों को और मजबूत करें। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में किसानों की सेवा और कृषि प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि जोन-2 का मुख्यालय जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुगनराम उपस्थित रहे।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 12.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के केवीके सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

दक्ष दर्पण

हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर (हिसार) को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित 'नास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026' के अंतर्गत 'कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान' जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक



मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें। किसानों, ग्रामीण युवाओं एवं महिला कृषकों को उद्यमिता आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयासों को और मजबूत करें। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि प्रसार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को दिल्ली प्रेस मैगजीन द्वारा वर्ष 2026 के लिए 'बेस्ट कृषि विज्ञान केन्द्र' के राज्य स्तरीय फार्म एंड फूड कृषि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में किसानों की सेवा और कृषि प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि जोन-2 का मुख्यालय जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है। इसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र आते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुगनराम उपस्थित रहे।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| त्यागी टाइम्स | 12.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के केवीके सदलपुर को मिला जोन-2 का राष्ट्रीय स्तर का नास-धानुका सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर (हिसार) को किसानों के हित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित हनास धानुका अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन-2026ह के अंतर्गत हकृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थानह जोन-2 जोधपुर का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार, किसानों तक नवीनतम तकनीकों के हस्तांतरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि किसानों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, अनुसंधान एवं किसानों के खेतों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं और नवीनतम कृषि तकनीकों को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कृषि प्रसार कर्मियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा दें। किसानों, ग्रामीण युवाओं एवं महिला कृषकों को उद्यमिता आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयासों को और मजबूत करें।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर ने पिछले वर्षों में कृषि नवाचारों के प्रसार, फ्रंटलाइन प्रदर्शनों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑन-फार्म परीक्षणों तथा डिजिटल कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि प्रसार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर को दिल्ली प्रेस मैगजीन द्वारा वर्ष 2026 के लिए हबेस्ट कृषि विज्ञान केन्द्रह के राज्य स्तरीय फार्म एंड फूड कृषि सम्मान से भी नवाजा जा चुका है कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा जिले के प्रगतिशील किसानों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में किसानों की सेवा और कृषि प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि जोन-2 का मुख्यालय जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है। इसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के 66 कृषि विज्ञान केन्द्र आते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कुलदीप सिंह, राजकुमार गंगवानी, मोनिका, इंदरपाल, सुनील, सुरेंद्र व गुणसार रहे।